80 निवेशकों को बांटी 210 करोड़ की प्रोत्साहन राशि, 700 करोड़ रुपये के दो अनुबंध भी

मुख्यमंत्री ने परिधान नीति-2017 के तहत 80 निवेशकों को 210 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि बांटी। इन्वेस्टर्स मीट के दौरान मेगा पार्क के लिए 700 करोड़ रुपये के दो अनुबंध भी हस्ताक्षरित हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेगा टेक्सटाइल पार्क के लिए 83 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) के माध्यम से 3,800 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पहले ही प्राप्त हो चुके हैं। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि सरकार ने विभिन्न निवेशकों के साथ 1,000 से अधिक एमओयू हस्ताक्षरि किए हैं, जिनमें से 225 से जुड़ी निवे परियोजनाओं का शिलान्यास जल्द होगा। इन परियोजनाओं के जरिये 6,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। गोरखपुर के अमर कुलसियान (नाइन लिमिटेड) और गौतम बुद्ध नगर के रजत जयपुरिया (राजलक्ष्मी) को मंच पर सम्मानित किया गया।